CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:26 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 7:06 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 175 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

नेचुरल स्टार नानी ने नए साल...पेज-3 पर

# आज पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी की संभावना, मैदान में घने कोहरा का यलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में शुक्रवार को मौसम बदलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार दो जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाने के आसार हैं।

केंद्र की ओर से देहरादून समेत हरिद्वार, पौड़ी, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चंपावत जिले के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जिसके चलते तापमान में गिरावट आ सकती है। जबकि पर्वतीय इलाकों में खासकर 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। आने वाले दिनों की बात करें तो तीन और चार जनवरी को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। इसके अगले दिन यानि पांच जनवरी को एक बार फिर मौसम बदलने की संभावना है। इसके बाद छह और सात जनवरी को प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा।





## दिल्लीवालों को सताएंगी सर्द हवाएं

नए साल की पहली सुबह मौसम के लिहाज से पुरानी ही रही। गुरुवार सुबह से दिल्ली के आसमान में धुंध की चादर छाई हुई रही और कुछ जगह कोहरा भी देखने को मिला।

मौसम विभाग ने दो जनवरी और तीन जनवरी को कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। कोहरे और स्मॉग की वजह से दृश्यता काफी कम दर्ज की गई है। तड़के इंद्रदेव ने नए साल का स्वागत बारिश के साथ किया। इस दौरान दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। दोपहर में भी सूर्यदेव ने दर्शन नहीं दिए। दिन के समय भी पहाड़ों से आई बर्फीली हवाओं ने खासा परेशान किया। कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति बनी रही। इस दौरान अधिकतम तापमान 14.2 जबकि न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री दर्ज हुआ।

उधर बृहस्पतिवार को मैदानी इलाकों में छाए कोहरे से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते दिन भर ठंड ने परेशान किया।

## News कॉर्नर

### सफाई नायक के साथ कैंटीन स्वामी व एक अन्य युवक ने गली गलौज, व मार पीट, कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी। रेलवे स्टेशन पर सफाई नायक के साथ कैंटीन स्वामी व एक अन्य युवक ने गली गलौज, व मार पीट कर दी। सफाई नायक ने दोनों के खिलाफ जीआरपी ख थाने में तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सौंपी तहरीर में अनिल कुमार पुत्र मनोहर लाल राजेंद्र नगर राजपुरा ने कहा है कि वह 26 दिसंबर रात्रि 10 बजे रेलवे स्टेशन पर सफाई कर रहा था तभी कैंटीन स्वामी आकाश व नन्हे ने उसके साथ गाली गलौज, करना शुरू कर दी जब अनिल ने इसका विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे लातों और घुसो से मारना शुरू कर दिया। यह देख स्टेशन पर खड़े लोगों ने उसे बचाया तब से ही अनिल मानसिक रूप से काफी परेशान है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस की कच्ची शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई,दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। जनपद में मादक पदार्थ/कच्ची शराब की बिक्री की रोकथाम के लिए पुलिस कार्रवाई को छापेमारी कर रही है। इसी कार्रवाई के दौरान रुद्रपुर पुलिस ने दो लोगों को कच्ची शराब की तस्करी में गिरफ्तार कर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। एसएसपी के निर्देश पर जनपद में अवैध कच्ची शराब समेत अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। रुद्रपुर सर्किल में एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी और सीओ सिटी प्रशांत कुमार के दिशा-निर्देशन में कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी की। पुलिस टीम अलग-अलग स्थानों में छापामारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से अवैध कच्ची शराब बरामद की।

आत्मरक्षा के अधिकार का कैसे इस्तेमाल करना है, ये भारत तय करेगा

# विदेश मंत्री ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर साधा निशाना

नई दिल्ली
एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा और कोई भी दूसरा देश ये तय नहीं कर सकता कि भारत अपने बचाव में क्या करेगा और क्या नहीं।

आईआईटी मद्रास में आयोजित शस्त्र 2026- आईआईटी मद्रास टेक्नो-एंटरटेनमेंट फेस्ट के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए वो सबकुछ किया जाएगा, जो भी करने की जरूरत होगी।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. जयशंकर से भारत की विदेश नीति को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, आपके पड़ोसी बुरे भी हो सकते हैं। अगर हम पश्चिम की तरफ देखें तो पता चलता है कि दुर्भाग्य से हमारे साथ भी ऐसा है। अगर कोई देश जानबूझकर और लगातार आतंकवाद फैलाता है तो हमारे पास भी आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार मौजूद है और हम उसका इस्तेमाल भी करेंगे, लेकिन ये हम पर है कि हम इसका कैसे इस्तेमाल करते हैं। कोई हमें ये नहीं बता सकता कि क्या करना चाहिए या क्या नहीं। अपनी सुरक्षा के लिए हम वो सबकुछ करेंगे, जो हमें करना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, कई साल पहले हम जल बंटवारा समझौते पर सहमत हुए थे, लेकिन अगर आप दशकों तक आतंकवाद फैलाते हैं तो ये अच्छे पड़ोस वाली बात नहीं है और अगर आप अच्छे पड़ोसी नहीं है तो आप को अच्छे पड़ोस के फायदे भी नहीं मिलेंगे। आप ये नहीं कह सकते कि कृपया हमारे साथ पानी साझा करें, लेकिन हम आतंकवाद जारी रखेंगे। ये नहीं हो सकता।



# अंकिता हत्याकांडः मंत्री उनियाल ने की प्रेस कांफ्रेंस, बोले- सबूत लाओ, सरकार हर जांच को तैयार

देहरादून
हमारे संवाददाता

वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या कर उसका शव चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया था। उसके बाद तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा भी मिल चुकी है। लेकिन उस दिन रिजॉर्ट गए वीआईपी के नाम को लेकर सवाल बरकरार था। मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता पर सवाल उठने पर आज मंत्री सुबोध उनियाल ने पत्रकारवार्ता की।

अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में लगातार विपक्ष द्वारा घेरे जाने पर मंत्री सुबोध उनियाल ने आज पत्रकारवार्ता की, जिसमें उन्होंने कहा कि सबूत लाओ, सरकार हर जांच को तैयार है। कहा कि एसआईटी की जांच को सत्र न्यायालय, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सही ठहरा चुके हैं। कहा, कोर्ट ने खुद माना था कि सीबीआई जांच की जरूरत नहीं है। उत्तराखंड में तीन साल पहले हुए अंकिता भंडारी हत्याकांड का मामला अब फिर चर्चा में आ गया है। बीते दिन एक वीडियो वायरल हुआ और देहरादून से दिल्ली तक फिर हलचल हो गई। भाजपा-कांग्रेस में भी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने वीआईपी का नाम उजागर कर सीबीआई जांच की मांग की तो वहीं, भाजपा ने कांग्रेस पर शर्मनाक राजनीति करने का आरोप लगाया। अब ये पूरा मामला फिर चर्चा में हैं। दरअसल, ये पूरा मामला पूर्व विधायक की कथित पत्नी के सोशल मीडिया पर जारी वीडियो के बाद ही शुरू हुआ। भाजपा निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर की कथित पत्नी ने फेसबुक लाइव आकर खुलासा किया था। इस वीडियो में महिला ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी गट्टू का जिक्र किया। उन्होंने वीडियो में बताया कि गट्टू बीजेपी का बड़ा नेता है। वहीं, पूर्व जिला पंचायत सदस्य का भी जिक्र किया। वीडियो में उन्होंने कहा कि जिस दिन अंकिता की हत्या हुई वो गट्टू वहां क्या कह रहा था? साथ ही एक ऑडियो का भी जिक्र किया जिसमें कहा कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पास पूरी जानकारी है। इसके बाद से ही इस मामले ने तूल पकड़ लिया। वीडियो वायरल हुआ तो कांग्रेस ने भी इस पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने दिल्ली में प्रेसवार्ता की। उन्होंने वायरल वीडियो भी प्रेसवार्ता में दिखाया। साथ ही सरकार पर मामला दबाने का आरोप लगया। उन्होंने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के जज की अध्यक्षता में सीबीआई जांच करवाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दस दिनों के भीतर अगर सीबीआई जांच की सिफारिश नहीं करती है तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन करेगी।

# गुलदार की दहशतः गुस्साए ग्रामीणों ने वनकर्मियों को बनाया बंधक

देहरादून
हमारे संवाददाता

गैरसैंण के सीमावर्ती मेहलचौरी ओर कुनीगाड क्षेत्रों में गत एक माह से लगातार मवेशियों पर गुलदार के हमले से लोगों में आक्रोश है। बृहस्पतिवार रात्रि को एक बार फिर गुलदार ने उजेटिया गांव के राजेंद्र मेहरा की गौशाला में घुसकर गाय और उसके बछड़े को निवाला बनाया था।

मेहलचोरी के नजदीकी प्रभावित क्षेत्र कुमाऊं और गढ़वाल का सीमांत क्षेत्र है ,जहां गढ़वाल क्षेत्र के भंडारीखोड में कृष्णानंद थपलियाल की तीन गायों को गुलदार ने निवाला बना दिया था। वहीं ऊजिटिया के मोहन सिंह के पालतू कुत्ते पर दोपहर में हमला कर घायल कर दिया था। इसके बाद रंगचौणा की लीला देवी की गाय को भी गौशाला में निवाला बना डाला। क्षेत्र से सटे कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जनपद के अंतर्गत पसारागांव, पुरानालोहबा व नवाण में भी गुलदार पांच गायों को अपना निवाला बना चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि गौवंश पर गुलदार लगातार हमले कर रहा है जिससे अब वो बच्चों ओर वृद्ध लोगों पर भी हमले कर सकता है। लिहाजा वन विभाग को तुरंत पिंजरा लगाकर हिंसक गुलदार को पड़कर संरक्षित क्षेत्र में भेजना चाहिए। ऊजिटिया में गुलदार के हमले के बाद ग्रामीणों ने दो घंटे तक वनकर्मियों को बंधक बनाए रखा।

# महापौर और सीडीओ ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ महापौर विकास शर्मा ने जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रहे उपचार व सुविधाओं की जानकारी ली। महापौर ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भी प्रतिभाग किया, जिसमें चिकित्सालय की खामियों को दूर करने और भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीर मंथन किया गया। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आधुनिक और निःशुल्क उपचार मिले। इसी विजन को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम ने शहर के विभित्र क्षेत्रों में आठ आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन शुरू किया है। अस्पताल प्रबंधन और विशेषज्ञ डॉक्टर अपना पूरा ध्यान गंभीर बीमारियों के उपचार और जटिल ऑपरेशनों पर केंद्रित कर सकेंगे। चिकित्सालय में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी पर चर्चा करते हुए महापौर ने कहा कि वे इस विषय को लेकर शीघ्र ही सीएम धामी से मुलाकात करेंगे।निरीक्षण और बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डॉ. कपिल शर्मा जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉक्टर आरके सिन्हा, सीएमओ डॉक्टर केके अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन आदि मौजूद रहे।



**जायजा**

- सुविधाओं का होगा विस्तार,जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम मिलकर करेंगे काम

# साल के पहले दिन उमड़ी सैलानियों की भीड़

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



सरोवर नगरी नैनीताल में नववर्ष-2026 के पहले दिन यानी वीरवार की शुरुआत में ही सुबह से लेकर देर रात तक पर्यटकों की भीड़-भाड़ से मेले जैसा माहौल नजर आया। नगर के पर्यटन स्थलों के साथ ही धार्मिक स्थलों में भी पर्यटकों की काफी भीड़-भाड़ नजर आयी।

जानकारों के मुताबिक थर्टी फ स्र्ट पर पर्यटकों की संखया बीते वर्ष की तुलना में कुछ कम थी लेकिन नव वर्ष के पहले दिन नगर में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन जैसा माहौल नजर आया। नगर की शान समझी जाने वाली मालरोड सैलानियों से पटी हुई नजर आई तो जीवनदायिनी नैनी झील में नौका विहार करने वाले पर्यटकों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

नगर के स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफ ॅलए केव समेत अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भारी भीड़ देखी गई। नयना देवी मंदिर, मां पाषाण देवी व हनुमागढ़ी मंदिर समेत अन्य सभी धार्मिक स्थल पर्यटकों से पटे रहे। इस बीच भोटिया बाजार, तिब्बती बाजार व बड़ा बाजार व मालरोड स्थित दुकानों में भी खरीदारी करते सैलानी नजर आए। रेस्टोरेंट भी भरे रहे। पर्यटन स्थलों में स्थित जलपान गृहों में भी भारी भीड़ रही। पर्यटकों की भीड़-भाड़ से नगर की माल रोड समेत सभी आंतरिक व बाहरी मोटर मार्गों में वाहनों का दवाब अन्य दिनों की तुलना में अधिक दिखा। नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस को भी खूब पसीना बहाना पड़ा।नगर में शाम के समय रोडवेज से अपने गंतव्य को लौटते यात्री सीट पाने को लेकर मशक्कत करते नजर आए। इस बीच बस अड्डे में अफ रा तफरी का माहौल रहा। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार अबकी वीकेंड यानी 3 जनवरी (शनिवार) पर सैलानी अधिक संखया में पहुंचने की उम्मीद है।



## नैनीताल में दिनभर बदलता रहा मौसम का मिजाज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में वर्ष 2026 के पहले दिन यानी वीरवार को मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिला। खास बात यह रही कि मौसम हल्के बादलों के साथ दिनभर सुहावना बना रहा। धूप अधिकांश समय खिली रही। सूर्यास्त के बाद घने बादल आसमान छाए तो ठंड में अधिक बढ़ोतरी हो गई।

नगर में सुबह से ही बादलों का उमड़ना शुरू हो गया था मगर तेज हवाओं ने टिकने नहीं दिया। इसके बाद पूरे दिन बादलों का आना जाना जारी रहा। तेज हवा के झोंके भी आते जाते रहे। इस बीच गुनगुनी धूप का एहसास बना रहा। सायंकाल घने बादलों ने आसमान में छा गए। जिस कारण लोग बारिश व बर्फबारी के कयास लगने लगे। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## थर्टी फर्स्ट में नैनीताल की माल रोड में युवकों ने काटा हुड़दंग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

थर्टी फ स्र्ट के जश्न के बाद मॉलरोड पर कुछ युवकों ने नशे में जमकर हंगामा काटा। लोगों की शिकायत पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक फ रार हो गए लेकिन एक युवक को पकड़ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की गई है।

नैनीताल में थर्टी फर्स्ट में रात एक बजे तक स्थानीय और पर्यटरों ने मालरोड में जश्न मनाया। एक बजे बाद लोगों व पर्यटकों के जाने के बाद सुनसानी हो गई। करीब दो बजे मालरोड में शराब के नशे में धुत कुछ युवक हंगामा काटने लगे। बीच सड? खड़े होकर युवक होटल कर्मियों व आते जाते लोगों को गालीगलौज करने लगे। समझाने के बाद भी वह नहीं माने तो लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर एसआई दीपक कार्की अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन पुलिस को देख हुड़दंग कर रहे युवक भाग गए। पुलिस ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया। एसआइ दीपक कार्की ने बताया कि रुकुट कंपाउंड निवासी निरंजन बिष्ट के खिलाफ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की गई है।

## बिना डीएल स्कूटी चलाने पर सीज की कार्रवाई

**नैनीताल** । तल्लीताल क्षेत्र में रोड पर स्कूटी पार्क कर जाम लगाना और बिना डीएल स्कूटी चलाना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार थर्टी फ स्ट की देर शाम भवाली रोड में जाम लग गया। पुलिस जाम खुलवाने पहुंची तो एक टैकसी स्कूटी पर पार्क थी जिसके कारण जाम की समस्या आ रही थी। पुलिस स्कूटी हटाने लगी तो स्कूटी चालक युवक मौके पर पहुंच गया। जब पुलिस ने फ टकार लगाई तो वह स्कूटी लेकर भागने लगा। जब पुलिस ने दस्तावेज और डीएल दिखाने की बात कही तो युवक नहीं दिखा पाया। एसआई बबीता ने बताया कि बिना डीएल स्कूटी चलाने पर सोमश्वर निवासी प्रकाश के खिलाफ एमवी एकट के तहत कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है।

## NEWS / फटाफट

### शराब पीकर छोटे भाई ने बड़े से की मारपीट

**नैनीताल** । मल्लीताल क्षेत्र में दो भाईयों में आपसी झड़प हुई तो नशे में धुत छोटे भाई ने बड़े के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में बड़े भाई के हाथ में चोट आई हैं जिसे बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार दिया गया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल क्षेत्र निवासी पंकज थर्टी फ स्र्ट की शाम काम से लौटने के बाद घर में था। इस बीच नशे में धुत छोटा भाई बच्चों के साथ मारपीट करने लगा। बड़े भाई को विरोध किया तो छोटे भाई ने पंकज के साथ ही मारपीट कर दी। परिजनों ने किसी तरह झगड़ा शांत करवाया। वीरवार को चोटिल बड़े भाई ने बीडी पांडे अस्पताल पहुंचकर उपचार करवाया। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि फिलहाल मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रोटरी क्लब ने नवजात बच्चों को कपड़े भेंट किए



**नैनीताल** । रोटरी क्लब नैनीताल के प्रतिनिधियों ने वीरवार को राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में जाकर वहां पर जन्मे नवजात बच्चों के परिजनों को नवजात बच्चों के लिए कपड़े भेंट किए। रोटरी कलब के अध्यक्ष शैलेन्द्र साह व सचिव शिवांगी साह के नेतृत्व में जिला अस्पताल में जन्में नवजात बच्चों को नव वर्ष पर कपड़े उपहार स्वरूप दिए साथ ही 20 जोड़ी कपड़े अस्पताल प्रबंधन को सौंपे ताकि वह भी जरूरमंद बच्चों को मिल सकें। इस दौरान अस्पताल के पीएमएस डॉ. टी. के. टमटा समेत डॉ. द्रौपदी गर्बियाल, मेट्रन शारदा गिनवाल, पुष्पा वर्मा, रेशमा चौहान, नर्सिंग अधिकारी जानकी कनवाल व जेके शर्मा व जितेंद्र साह व अरुण साह मौजूद थे।

### ओखलकांडा में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन आज

**नैनीताल** । राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल जन-जन की सरकार-जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत नैनीताल जिले के विकासखंड ओखलकांडा की डालकन्या न्याय पंचायत में शुक्रवार (आज) बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर लोनिवि गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित होगा। शिविर का उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे जो मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण, आवेदन प्राप्त करने एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे।

### मंजू बिष्ट व रमेश साह के निधन पर संगठनों ने जताया शोक

**नैनीताल**। श्री राम सेवक सभा नैनीताल तथा सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन ने मंजू बिष्ट (63) पत्नी प्रो. देवेंद्र सिंह बिष्ट तथा मशहूर खिलाड़ी रमेश चंद्र साह (80) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी है । बता दें डॉ. मनोज सिंह बिष्ट सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के महासचिव है तथा मंजू बिष्ट उनकी भाभी हैं वहीं रमेश चंद्र साह के सुपुत्र भास्कर साह क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में कार्यरत हैं तथा सीआर एसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के सदस्य हैं । स्वर्गीय रमेश चंद्र साह रोडवेज विभाग भाग में कार्यरत रहे । दिवंगत श्रीमती बिष्ट तथा रमेश चंद्र साह का वीरवार को अंतिम संस्कार पाईस शमशान घाट में किया गया । श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह ,महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत अशोक साह, बिमल चौधरी, मुकेश जोशी, प्रो. ललित तिवारी तथा ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के संरक्षक कैप्टन ललित मोहन साह ,अध्यक्ष जगदीश बवाड़ी समेत शैलेन्द्र बर्गली, धर्मेंद्र शर्मा ,प्रो. ललित तिवारी,डॉ संतोष कुमार,सुनील,डॉ दीपक कुमार,डॉ हिरदेश कुमार,अखिलेश तथा संजय बहुगुणा ने दोनों विभूतियों ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी हैं।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## नए साल के पहले दिन बाबा नीम करोली महाराज के धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नववर्ष-2026 के पहले दिन यानी वीरवार को विश्व प्रसिद्ध बाबा नीम करोली महाराज के कैंची धाम में आस्था का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। नए साल के स्वागत के अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचे। तड़के सुबह करीब 5 बजे से ही मंदिर परिसर सहित भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग और आसपास के मार्गों पर भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। शाम तक करीब 30 हजार से अधिक भक्तों ने बाबा नीम करोली के दर्शन किए।

दूसरी ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। यातायात दबाव को कम करने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से धाम तक पहुंचाने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष शटल सेवा संचालित की गई। वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर रोका गयाए जहां से श्रद्धालुओं को शटल वाहनों के माध्यम से कैंची धाम भेजा गया। इससे जाम की स्थिति नहीं बनी और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रही।

भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के मद्देनजर कैंची धाम और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस कर्मियों ने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन कराएए वहीं ट्रैफिक पुलिस ने मार्गों पर लगातार निगरानी रखी। प्रशासन द्वारा स्वास्थ्यए आपदा और आपात सेवाओं को भी अलर्ट मोड पर रखा गया। कैंची धाम में पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि बाबा नीम करोली महाराज के प्रति लोगों की आस्था दिन.प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। दर्शन के बाद कई भक्तों ने बताया कि बाबा के दर्शन कर उन्हें गहरी मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई। कुछ श्रद्धालुओं ने कहा कि वे कई वर्षों से कैंची धाम आने की योजना बना रहे थेए जो नए साल के शुभ अवसर पर पूरी हुई।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद मंदिर प्रबंधन तथा पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं। पूरे दिन बाबा के जयकारों से कैंची धाम और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। भक्ति, श्रद्धा और अनुशासन के बीच नए साल के पहले दिन बाबा के दरबार में आस्था का यह संगम देखने लायक रहा।



### सेनेटोरियम से शटल सेवा से भेजें कैंची

नए साल के पहले दिन कैंची धाम में अव्यवस्थाओं का अंबार ना लगे और सड़क में जाम ना लगे इसको लेकर पुलिस अलर्ट देखी। कैंची धाम तक निजी वाहनों के जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहा। जो भक्त कैंची धाम जाना चाह रहे थे उन्हें शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम भेजा गया। इसके अलावा टैकसी दो पहिया वाहनों के लिए भी विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी जिसके चलते कैंची धाम में यातायात सुगम बना रहा।

# अभिमत

## जीवन रक्षा पर सवाल?

*सरोवरनगरी में हमेशा अतिमहत्वपूर्ण व्यक्ति (वीवीआईपी) और देश-विदेश के पर्यटक रहते हैं। हाईकोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति भी महत्वपूर्ण व्यक्ति की श्रेणी में हैं। बीडी पांडे अस्पताल से यदि किसी मरीज को हायर सेंटर रेफर किया जाता है तो यह गंभीर मामला है। पर्वतीय क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्र के चिकित्सालयों से मरीजों को जिला मुख्यालय रेफर किया जाता है। जिला मुख्यालय में भी चिकित्सालय का सुविधा के तौर पर खुद बीमार होने पर सवाल उठना लाजिमी है।*

उत्तराखंड के सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने की कोशिश नाकाम साबित हो रही है। स्वास्थ्य सेवा की बदहाली पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर याचिका की सुनवाई में हाईकोर्ट ने नैनीताल स्थित बीडी पांडे अस्पताल के आईसीयू में ऑक्सीजन सप्लाई सुचारू करने के आदेश दिये। उच्च न्यायालय ने सेनिटोरियम अस्पताल को मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सालय के रूप में विकसित करने की प्रगति के बारे में जानकारी मांगी है। याचिका में कहा गया है कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को न तो मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं और न ही बेहतर इलाज की व्यवस्था है। स्टाफ की भारी कमी और खराब मशीनों के कारण रोगी को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। कई अस्पतालों में इंडियन हेल्थ मानकों का भी पालन नहीं हो रहा है। आईसीयू में ऑक्सीजन सप्लाई नहीं होने से गहन चिकित्सा कक्ष का महत्व ही खत्म हो जाता है। गंभीर मरीज को कृत्रिम जीवन रक्षा प्रणाली के जरिये स्वास्थ्य में सुधार के लिए आईसीयू में रखा जाता है। नैनीताल सिर्फ जिला मुख्यालय ही नहीं है, बल्कि विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। सरोवरनगरी में हमेशा अतिमहत्वपूर्ण व्यक्ति (वीवीआईपी) और देश-विदेश के पर्यटक रहते हैं। हाईकोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति भी महत्वपूर्ण व्यक्ति की श्रेणी में हैं। बीडी पांडे अस्पताल से यदि किसी मरीज को हायर सेंटर रेफर किया जाता है तो यह गंभीर मामला है। पर्वतीय क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्र के चिकित्सालयों से मरीजों को जिला मुख्यालय रेफर किया जाता है। जिला मुख्यालय में भी चिकित्सालय का सुविधा के तौर पर खुद बीमार होने पर सवाल उठना लाजिमी है। कुमाऊं के छह जिलों से गंभीर मरीजों को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर किया जाता है। एसटीएच कुमाऊं का सबसे बड़ा और राजकीय मेडिकल कालेज का अस्पताल है। एसटीएच की हालत भी अन्य सरकारी चिकित्सालयों जैसी है। मशीनों का खराब होना और डाक्टरों की कमी से एसटीएच में उपचार की पूरी सुविधा नहीं है। सरकारी अस्पताल होते हुए एसटीएच में कई कार्यों का ठेका प्रथा के तहत निजीकरण कर दिया गया है। ठेकेदार मनमर्जी से जांच और अन्य कार्य की दर वसूल करते हैं। एसटीएच का भवन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तरह है। एम्स का दर्जा देने की मांग की जाती रही है, लेकिन अव्यवस्था के कारण हायर सेंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

# नैनीताल में तीन जगह आग लगने की घटनाएं

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में थर्टी फ स्ट की रात से लेकर नववर्ष-2026 की सुबह तक तीन जगहों में आग लगने की घटनाएं हुई हैं हांलाकि दमकल की टीम तीनों जगह लगी आग पर काबू पाने में कामयाब रही जिससे बड़े अग्निकांड होने से बच गए।

बता दें कि नैनीताल में लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। बीते बुधवार की रात मल्लीताल में स्वास्थ्य विभाग के आउट हाउस में आग लगने की घटना में 6 बाइकें जली थी। इधर बुधवार की रात से वीरवार की सुबह तक शहर में तीन जगहों पर आग लग गई। मामले में एफ एसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि बुधवार की रात मल्लीताल में बेकरी कंपाउंड अंडा मार्केट अखिलेश भट्ट के घर में आग लग गई। लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बढ़ गई। जिसकी सूचना दमकल को दी गई। दमकल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग से कपड़ेए कंबल व विद्युत वायर जल गई थी।

वहीं वीरवार की सुबह तल्लीताल बूचड ?ाना के पास कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग फैली तो लोगों ने दमकल को सूचना दी। सूचना के बाद दमकल की टीम ने पंपिंग कर पानी से आग पर काबू पाया। जिससे आसपास के घरों में आग लगने से बच गई । बताया कि कबाड़ मलिक सद्दाम हुसैन को अग्नि से सुरक्षा संबंधी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।





### ओल्ड लंदन हाउस परिसर में पांच महिनों तीसरी बार लगी

नगर के मल्लीताल ओल्ड लंदन हाउस परिसर में आग की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। पांच महिनों में वीरवार को ओल्ड लंदन हाउस में आग लगने की तीसरी घटना है। बता दें कि नगर में अगस्त से अब तक भवनों में आग लगने की लगभग पांच घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें 27 अगस्त को मल्लीताल मोहन को चौराहे पर ओल्ड लंदन हाउस में आग लगने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई थी। वहीं वहीं 21 अक्तूबर की रात को उसी भवन से लगे कन्नौजिया फर्नीचर हाउस में आग लगने की घटना हुई थी। वहीं अब बुधवार की रात को एक बार फिर ओल्ड लंदन हाउस में कन्नौजिया फर्नीचर के ऊपर पूर्व में जले कमरे में आग लग गई। दमकल की टीम मौके पर पहुंची तो वहां कपड़ों के ढेर में आग लगी थी। दमकल ने पानी से आग को पूर्ण रूप से बुझाया। एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि परिसर में दुकान संचालकों को अग्निसुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस पर लगाये कार्रवाई न करने के आरोप

**नैनीताल ।** बीते दिनों तल्लीताल में पति पत्नी के बीच हुए बवाल में गाजियाबाद की महिला ने तल्लीताल पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। महिला ने एसएसपी से करवाई की मांग की है।

गाजियाबाद निवासी महिला प्रीति शर्मा ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजते हुए कहा है कि वह अपने परिवार के महिला सदस्यों के साथ 29 दिसंबर (सोमवार) को नैनीताल घूमने आई थी, वह तल्लीताल क्षेत्र में खाना खाने के लिए जा रहे थे तभी उसका पति अपनी सहकर्मी के साथ कार में दिखाई दिए। उनकी कार को रोकने के लिए उसने हाथ दिया लेकिन वह नहीं रुके। पति ने उसको मारने के लिए उसकी ओर कार चला दी। उसको कार के बोनट पर कुछ दूर तक घसीट कर ले गया। उसके चिल्लाने पर स्थानीय लोगों की ओर से उसको बचाया गया। इस दौरान उसको चोट भी आई। महिला का आरोप है कि तल्लीताल पुलिस को शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई जांच नहीं की। बार बार कहने के बाद भी मेडिकल नहीं कराया गया। महिला ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए एसएसपी से मामले में जांच की मांग की है।

# दो वाहन के आमन-सामने भिड़े, एक की मौत चार गंभीर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नए साल जश्न मनाना कार सवारों को भारी पड़ गया। इस जश्न ने एक दोस्त की जान ले ली और चार दोस्त जिंदगी ओर मौत से लड़ रहे हैं।

दो वाहनों के आमने सामने की जोरदार टक्कर से एक कार सवार की मौत हो गई। तबकी कार में सवार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मौके पर पहुंची पुलिस ने सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया। गौलापार में नए साल के पहले दिन की देर रातह सड़क हादसे में एक कार सवार पर्यटक की मौत हो गई। जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एसटीएच में भर्ती कराया गया है। हालत नाजुक होने पर एक को निजी चिकित्सालय में रेफर कर दिया है। हादसे का कारण सामने से आ रही पिकअप का रोंग साइड आना बताया जा रहा है। कार सवार सभी युवक आपस में दोस्त हैं। जिनका राइस मिल का काम है पुलिस के मुताबिक रिछा, बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश निवासी 25 वर्षीय रिजवान पुत्र इस्लाम के साथ उसके चार अन्य साथी इसरार, मुजाहिद, सनावर और अफजल नए साल पर घूमने के लिए हल्द्वानी अपनी कार संख्या यूपी 25 ई एम 9391 से आए थे। सभी ने गौलापार के एक बड़े रेस्टोरेंट में खाना खाया। इसके बाद सभी लोग वापस घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान खेड़ा चौराहे के पास उनकी कार के सामने से तेज गति से गलत दिशा में आ रही पिकअप संख्या यू के04 सीसी 2905 ने टक्कर मार दी टक्कर

इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप की टक्कर से पर्यटकों की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क पर गाड़ी के पार्ट्स बिखर गए। हादसे में रिजवान समेत पांचों पर्यटक बुरी तरह घायल हो गए,पुलिस द्वारा जिन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां रिजवान को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों की हालत भी गंभीर बनी है। हादसे के बाद पिकअप चालक मौका देख फरार हो गया। काठगोदाम थाना प्रभारी विमल मिश्रा ने बताया कि सभी घायल व मृतक के परिजनों को सूचना रात ही दे दी थी।ओर फरार पिकअप चालक की तलाश की जा रही है। एक घायल को निजी चिकित्सालय में रेफर किया गया है। विमल मिश्रा ने बताया मृतक रिजवान का पंचनामा भर कर उसके शव का पोस्मार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पिता इस्लाम ने बताया कि उनके तीन पुत्र हैं और रिजवान दूसरे नंबर का पुत्र था। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।





देर रात हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार व मृतक की फाइल फोटो।

# फिल्मी दुनिया

## नेचुरल स्टार नानी ने नए साल में फैंस को दिया खास तोहफा





*नए साल के अवसर पर फिल्म निर्माताओं ने नानी की फिल्म द पैराडाइज का एक नया पोस्टर जारी किया है। जिसे देखकर फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। साउथ अभिनेता नानी फिल्म द पैराडाइज में जदल की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी कर नानी के फैंस को खुश कर दिया है। इस नए पोस्टर में नानी का एक शक्तिशाली और खतरनाक अवतार देखने को मिल रहा है। आज नानी की फिल्म द पैराडाइज से उनका एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें नानी लाल रंग के चश्मे, भारी धातु की जंजीरें और काला पहनावा पहने हुए हैं। यह सभी पोस्टर में दिखाई दे रहा हैं। पोस्टर देखकर लग रहा है कि यह फिल्म का कोई एक्शन सीन है, क्योंकि नानी के पीछे कई लोग जमीन पर गिरे हुए नजर आ रहे हैं।*

### द पैराडाइज के बारे में

*द पैराडाइज का निर्देशन श्रीकांत ओडेला कर रहे हैं। द पैराडाइज में नेचुरल स्टार नानी मुख्य भूमिका में हैं। दशहरा फेम श्रीकांत ओडेला द्वारा निर्देशित इस फिल्म को एसएलवी सिनेमाज बैनर के तहत सुधाकर चेरुकुरी निर्मित कर रहे हैं। द पैराडाइज एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। नानी, मोहन बाबू और संपोनेंश बाबू के पहले जारी किए गए फर्स्ट लुक पोस्टर को शानदार प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 26 मार्च, 2026 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।*

# नगदी सहित सट्टे में सट्टेबाज को गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हजारों रुपए की नगदी सहित सट्टे में प्रयुक्त प्रशन के साथ एक सट्टेबाज को गिरफ्तार किया है जिसे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। बनभूलपुरा कोतवाली प्रभारी दिनेश फर्त्याल अपने दलबल के साथ रात्रि में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी की इंदिरा नगर ठोकर के पास एक युवक सट्टे की खाई बाड़ी कर लोगों से सट्टा ले रहा है सूचना पाकर पुलिस ने सट्टे की खाई बड़ी करने वाले रिजवान खान पुत्र शाहिद खान निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर लिया और उसकी तलाशी ली जिसके पास से सट्टे में प्रयुक्त पर्चियां सहित 2130/ रुपए की नगदी बरामद हुई। पकड़े गए खाई बाड़ में पुलिस को बताया कि वह काफी लंबे समय से सट्टे का कारोबार कर रहा हैं जिससे उसकी घर की रोजी-रोटी चल रही है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है दिनेश फर्त्याल का कहना है कि दो नंबर के धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसे कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार टीपी नगर क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी एक युवक कंधे पर थेला रखकर जा रहा था वह पुलिस को देखकर भागने लगा संदेह होने पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया और उसकी तलाश मिली जिसके पास से 60 शराब के पाउच बरामद हुए पूछ ताजमहल शराब तस्कर ने अपना नाम शारिक अंसारी पुत्र शरीफ अहमद निवासी गांधीनगर बनभूलपुरा बताया शराब तस्कर ने बताया कि वह टीपी नगर क्षेत्र में तक ड्राइवर को शराब बेचता है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

News कॉर्नर

## खेल-खेल में किशोरी के गले में फंदा अटका, मौत

हल्द्वानी। नए साल की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब एक किशोरी खेल-खेल में रस्सी के फंदे पर झूल गई। जिससे उसकी मौत हो गई। टीपीनगर क्षेत्र निवासी एक बैंककर्मी की पुत्री समृद्धि 13 वर्षीय जो कक्षा छह में पढ़ती थी, रात में घर के भीतर टंगी एक रस्सी से खेल रही थी। बताया जा रहा है कि छात्रा सोफे पर खड़े होकर रस्सी के साथ उछल-कूद कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और गले में रस्सी का फंदा कस गया। फंदा कसने के कारण छात्रा बेहोश होकर नीचे गिर पड़ी। जब मां ने उसे इस हालत में देखा, तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने आनन-फानन में छात्रा के गले से रस्सी निकाली और उसे गंभीर अवस्था में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, वहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया। कोतवाल विजय सिंह मेहता ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ती थी। शुरुआती जांच में यह एक दुर्घटना लग रही है। पुलिस के अनुसार, परिजनों ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

## पत्रकार राजेश सरकार को मातृ शोक, सीएम ने जताया दुःख



हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के वरिष्ठ पत्रकार, राजेश सरकार की माता जी लक्ष्मी देवी के निधन पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार जनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, डीएम ललित मोहन रयाल व सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार राजेश सरकार के माताजी जी के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की है।

# नैनीताल में नववर्ष में पर्यटकों की हर साल आमद कम होना चिंतनीय

## बोले-माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा है कि नैनीताल में नववर्ष के आगमन पर पर्यटकों की हर साल गिरती आमद चिंता का विषय है। कहा कि अगर प्रदेश स्तर पर गहन समीक्षा नहीं हुई तो भविष्य में पर्यटकों का नैनीताल में संकट गहराएगा। कहा कि इससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों के परिवार और बच्चों के लिए भविष्य में आर्थिक संकट स्वाभाविक है। कहा कि इन हालातों के इसमें सुधार के लिए एक मजबूत और बुलंद आवाज उठाना जरूरी है। कहा कि नव वर्ष भी यही हुआ एक बार पुनः पर्यटन व्यवसाय बीतें वर्षों की भांति पर्यटकों को 100 से 150 किलोमीटर पहले से रोकने डाइवर्ट करने और अवरोध उत्पन्न करने और पुलिस की इन सवालों की सफ ाइयों के बीच बलि चढ़ गया। चिंता के विषय मूल रूप से दो दिन के व्यापार से ज्यादा साल दर साल बार बार ये होना और आगे भविष्य में क्या इस प्रकार से होता आयेगा या प्रशासन और पुलिस का रवैया पर्यटक को भगाओ से वाकई में पर्यटकों के स्वागत करने में तबदील कभी हो पाएगा। यह एहसास बेहद जरूरी है की नववर्ष के इस पाँच से साथ दिन के व्यवसाय से सभी का आने वाले दो से तीन माह का आर्थिक हिसाब किताब चलता है। और इस साल के अंतिम व्यवसाय केआयाम को चोट पहुंचाना नैनीताल ने व्यवसायियों की रोज़ी पर सीधा आघात ही नहीं बल्कि परिवारों को आर्थिक संकट और मानसिक तनाव में डालने वाला प्रकरण है।

पर्यटक की नैनीताल के प्रति छवि पहले से ही पार्किंग इत्यादि को ले कर बेहद धूमिल हो चुकी है। पहले नैनीताल में होने वाले बंगाली सीजन और गुजराती सीजन तो केवल नाम मात्र के लिए रह गए हैं। हम नैनीताल की लोकप्रियता को देश विदेश में होने की बात करते हैं लेकिन हालत ये है की उत्तर भारत के लिए नैनीताल जो से सरल डेस्टिनेशन है वे भी अब आने से कतराने लागे है। ना हमने रेल यात्रा ना हवाई यात्रा पर कोई सीरियस ध्यान दिया है। वंदे भारत या पंतनगर हवाई अड्डे का नवीनीकरण केवल बातों की बलि चढ़ गया है। जो रहा सहा पर्यटक कैंची धाम की बढ़ती लोकप्रियता से थोड़ा बहुत नैनीताल आ जाता है उसे भी अब इसी प्रकार की नकारात्मक व्यवस्थाओं की बलि चढ़ाया जा रहा है। कैंची धाम की पार्किंग में लंबे समय से कार्य और अभी जैसे हालात है आगे भी कुछ वर्ष पूरा होता नहीं दिखता। वहाँ भी इस कमी से ट्रैफिक रोकना शटल इत्यादि श्रद्धालुओं के लिए मुसीबत बन गया है। इन और ऐसी अनेकों और सीरियस दिक्कतों को अगर प्रदेश स्तर से एक नैनीताल के लिए एक पर्यटन सेंट्रिक पालिसी के तहत जल्द नहीं सुलझाया गया तो वो दिन दूर नहीं नैनीताल पर्यटन के लिए पर्यटकों के नकशे से ही कहीं लुप्त हो जाएगा।

टंडन के मुताबिक यह एक चिंता का विषय होने के साथ नैनीताल पर्यटन से जुड़े व्यवसायियों के लिए उनके परिवारों और बच्चों के भविष्य के लिए बहुत बड़ा सवाल है कि कया आने वाले समय में इसमें कुछ सुधार होगा और अगर नहीं तो हम सभी को एकजुटता से मिलकर इस पर मजबूत और बुलंद आवाज उठाना जरुरी है।

# थर्टी फर्स्ट पर शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देश पर थर्टी फर्स्ट की रात सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचा शांति व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को हिरासत में लेकर चालान की कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपराध और अपराधियो के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी और सीओ सिटी प्रशांत कुमार के दिशा-निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ट्रांजिट कैंप मोहन चंद्र पांडे नेतृत्व में पुलिस ने थर्टी फर्स्ट की रात शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने पर 5 लोगों को गिरफ्तार किया। सीओ सिटी ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही। इसी बीच शिमला बहादुर चौक के पास पहुंची। वहां कुछ लोग हुड़दंग मचा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर पांच लोगों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में



हिरासत में लिए गए लोगों ने अपना नाम आदित्य पांडे पुत्र पवन पांडे निवासी फुलसुंगा ट्रांजिट कैंप,अनूप पुत्र वेद प्रकाश निवासी वार्ड 8 विवेकनगर,राजन यादव पुत्र स्वामीनाथ यादव निवासी घास मंडी आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर,पंकज रौतेला पुत्र नंदन रौतेला निवासी वार्ड 14 भदईपुरा रुद्रपुर,विशाल गंगवार पुत्र रोहिताश निवासी वार्ड 14 भदईपुरा बताया। पुलिस के मुताबिक हिरासत में लिए गए लोग आपस मे झगडा कर रहे। पुलिस समझा बुझा कर घर भेजने की कोशिश की, लेकिन दोनो पक्ष पुलिस की मौजूदगी में ही आपस में झगड़ना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस ने पांचों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस ने सभी के खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई अकरम अहमद, कांस्टेबल धरमेन्द्र कुमार, दिनेश ध्यानी आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# सूचना का अधिकार अधिनियम, अत्यधिक मात्रा में सूचना मांगने पर डीएम ने लिया संज्ञान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

घर का भेदी लंका ढाए वाली कहावत यहां चरितार्थ होती नजर आई जब जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात एक कर्मी ने अपने ही कार्यालय मैं सूचना का अधिकार लगाकर एक सूचना मांग ली यहां बता दें की जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक मोहम्मद अकरम द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपने ही कार्यालय से अत्यधिक मात्रा में सूचना मांगे जाने और बाद में बिना किसी वैध कारण के उसे प्राप्त करने से इनकार किए जाने के मामले को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गंभीरता से लिया है। इसे शासकीय संसाधनों, समय और श्रम का अनावश्यक अपव्यय मानते हुए संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मद अकरम ने विभिन्न पटलों से व्यापक स्तर पर सूचनाएं मांगी थीं। सीमित मानव संसाधनों के बावजूद लोक सूचना अधिकारी द्वारा कई दिनों की मशक्कत के बाद लगभग तीन हजार पृष्ठों की सूचना संकलित कर निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। हालांकि सूचना तैयार होने के बाद अकरम ने बिना किसी उचित कारण के उसे लेने से इनकार कर दिया, जिससे कार्यालयीन कार्यप्रणाली प्रभावित हुई। इस संबंध में जारी आदेश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का हवाला देते हुए कहा गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का माध्यम है, न कि शासकीय तंत्र को बाधित करने या सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग का। न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि आरटीआई का प्रयोग विवेकपूर्ण, जिम्मेदार और उद्देश्यपूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक लोक सेवक से, उसकी पदस्थापना और दायित्वों को देखते हुए, सामान्य नागरिक की तुलना में अधिक संयमित और उत्तरदायी आचरण की अपेक्षा की जाती है। अपने ही कार्यालय से अत्यधिक सूचना मांगकर बाद में उसे प्राप्त न करना उत्तराखंड सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रावधानों के प्रतिकूल है। प्रकरण में मोहम्मद अकरम की औपचारिक भर्त्सना की गई है तथा उन्हें भविष्य में आरटीआई अधिनियम के प्रयोग और शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में विधिक मर्यादाओं का पालन करने की कठोर चेतावनी दी गई है।

# 20 सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद नैनीताल की ऐतिहासिक छलांग

नैनीताल
हमारे संवाददाता

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में गत त्रैमास में बीस सूत्री कार्यक्रम में जनपद नैनीताल प्रदेश में 13 वें स्थान पर था, बीस सूत्री कार्यक्रम में नैनीताल जिले की अत्यंत खराब स्थिति पर जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल द्वारा इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बीस सूत्री कार्यक्रम से जुड़े विभागों की नियमित समीक्षा करते हुए विभागों को विकास कार्यों में प्रगति लाते हुए इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए गए साथ ही नियमित समीक्षा भी की गई।

इस संबंध में नियोजन विभाग उत्तराखंड से प्राप्त इस त्रैमासिक आंकड़ों के अनुसार 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद नैनीताल ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। बता दें पूर्व में जहां जनपद नैनीताल 13 वें स्थान पर था वहीं बेहतर कार्य निष्पादन एवं प्रभावी निगरानी के फलस्वरूप अब जनपद ने प्रदेश स्तर पर 13वें स्थान से उन्नति करते हुए 3 स्थान प्राप्त किया है।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग,वन विभाग सहित कुल 6 विभागों का प्रदर्शन बी श्रेणी में रहा है। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना



**समीक्षा**

- 13वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुँचा नैनीताल जिला

जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं ने भी निरंतर बेहतर प्रगति करते हुए बी श्रेणी में स्थान हासिल किया है उन्होंने कहा कि यह कामयाबी समस्त विभागों के समन्वित प्रयासों, नियमित समीक्षा एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। जिलाधिकारी रयाल द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्तमान तिमाही (क्वार्टर) में अपने-अपने विभागीय लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें जिससे आगामी मूल्यांकन में जनपद की रैंकिंग और अधिक सुदृढ़ हो सके। जिलाधिकारी रयाल ने अधिकारियों को आपसी समन्वयए सतत मॉनिटरिंग एवं लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने के भी निर्देश दिए।

# कड़ाके की ठंड में डेढ़ किमी दूर से पानी ढोने की मजबूरी

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

> *पेयजल आपूर्ति ठप होने को लेकर ग्रामीणों की ओर से कोई औपचारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। कनिष्ठ अभियंता को मौके पर भेजकर लाइन की जांच कराई जाएगी और आवश्यक सुधार कार्य कराया जाएगा।- **बीबी भट्ट, अधिशासी अभियंता, जल संस्थान रानीखेत***

ताड़ीखेत ब्लॉक के पोखरी गांव में पेयजल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। कोसी नदी पर स्थित शेर पंपिंग पेयजल योजना से होने वाली जलापूर्ति पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से पूरी तरह ठप पड़ी हुई है, जिससे 200 से अधिक की आबादी वाले गांव के लोग परेशान हैं।

गांव के नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं आ रही है। मजबूरी में ग्रामीणों को कड़ाके की ठंड के बीच सुबह-शाम करीब डेढ़ किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। हालात इतने विकट हो चुके हैं कि छोटे-छोटे बच्चों को भी पानी लाने में जुटना पड़ रहा है जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। गांव के 50 से अधिक परिवार इस पेयजल संकट का सीधा खामियाजा भुगत रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जल संस्थान को कई बार मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लंबे समय से समाधान न होने के कारण ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि पेयजल जैसी बुनियादी जरूरत के प्रति विभागीय उदासीनता बेहद चिंताजनक है। स्थानीय ग्रामीणों दिलीप सिंह, प्रताप सिंह गौणी, खीम सिंह, तारा सिंह, देवेंद्र सिंह, तारा सिंह, शिव सिंह, गोपाल सिंह, भूपाल सिंह गौणी सहित अन्य लोगों ने विभाग से पेयजल आपूर्ति तत्काल बहाल करने की मांग की है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सानिया नवाज से बदलकर सानिया नवाज सिद्दीकी रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे सानिया नवाज सिद्दीकी नाम से जाना, पहचाना जाये। - **सानिया नवाज सिद्दीकी पुत्री आरिफ हुसैन सिद्दीकी, नियर ख्वाजा मस्जिद किदवई नगर, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड)**

# विधायक पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बुक्सा जनजाति के लोग पहुंचे पुलिस कार्यालय

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

शुक्रवार को बुक्सा जनजाति के आराध्य श्रद्धेय राजा जगत देव सिंह स्मृति ट्रस्ट की प्रतिमा खंडित किए जाने के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। गदरपुर के भाजपा विधायक अरविंद पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे। विधायक एसएसपी की गैर मौजूदगी में एसपी क्राईम निहारिका तोमर से मिले। उन्होंने प्रतिमा को खंडित करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विधायक ने एसएसपी पर तंज कसा। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के करीब दस माह पूर्व अज्ञात अराजक तत्वों ने रात के अंधेरे में प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर



दिया गया था,लेकिन अब तक इस गंभीर मामले का खुलासा नहीं हो सका है। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की भी मांग की। विधायक पांडेय ने कहा कि राजा जगतदेव सिंह बुक्सा जनजाति के आस्था के केंद्र हैं और उनकी प्रतिमा को खंडित किया जाना न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास भी है। विधायक पांडेय ने एसपी क्राइम को ज्ञापन सौंपा। उधर विधायक पांडे ने कहा कि प्रदेश के सीएम धामी ईमानदार है, इसी तरह जनपद में भी जिले के कप्तान ईमानदार टीम काम कर रही है। उन्होंने कप्तान पर तंज कसते हुए कहा कि 11.30 बजे का टाइम देकर यहां नहीं मिले। बता दें कि 26 दिसंबर को दलपुरा दल मंदिर के समीप विधायक अरविंद पांडेय ने राजा जगतदेव सिंह की एक नई प्रतिमा स्थापित की गई थी। विधायक के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष लाखन सिंह, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल,महादेव सिंह,बीर सिंह, नरेंद्र सिंह कोरंगा,गोपी सागर, पप्पू सिंह, धर्म सिंह बीडीसी मेंबर,स्वरूप सिंह प्रधान, राकेश सिंह, प्रीतम सिंह,किशन सिंह बाबा, श्याम सिंह,सोमल सिंह,भूप सिंह,नरेश सिंह जन जाति अध्यक्ष काशीपुर आदि शामिल रहे।